समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !
नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# चंद्रयान-5 की तैयारी शुरू: ISRO और जापान की बड़ी बैठक, पाकिस्तान-चीन को लगेगा झटका।

Publisher Published on 16 May 2025



## भारत-जापान की साझेदारी से चंद्रयान-5/LOPEX मिशन को मिली रफ्तार, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर होगा ऐतिहासिक अन्वेषण।

**नई दिल्ली/बेंगलुरु:** भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए **ISRO (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन)** ने **चंद्रयान-5 मिशन** की तैयारियां तेज कर दी हैं। यह मिशन **LOPEX (Lunar Polar Exploration)** प्रोग्राम के तहत भारत और जापानी अंतरिक्ष एजेंसी **JAXA** के बीच साझा परियोजना है, जिसे लेकर **13-14 मई 2025** को बेंगलुरु में **TIM-3** बैठक आयोजित की गई।

इसरो के अनुसार, यह मिशन **2040** तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करेगा। **चंद्रयान-5**, भारत की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष योजनाओं में से एक होगा।

**पाकिस्तान, चीन, तुर्किए और अजरबैजान को झटका ?**
भारत के इस मिशन को न सिर्फ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बल्कि भू-राजनीतिक रूप से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को करारा जवाब देने के बाद, भारत की यह चंद्र-यात्रा चीन, पाकिस्तान, तुर्किए और अजरबैजान जैसे विरोधी राष्ट्रों को बड़ा झटका दे सकती है।

**चंद्रयान-5 मिशन की मुख्य बाते:**
१. स्थान: चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव (Permanently Shadowed Region – PSR)

२. साझेदारी: ISRO (भारत), JAXA (जापान), ESA (यूरोप), NASA (अमेरिका)
३. प्रक्षेपण यान: जापान का H3-24L लॉन्च व्हीकल
४. लैंडर: ISRO द्वारा निर्मित
५. रोवर: जापान की Mitsubishi Heavy Industries (MHI) द्वारा निर्मित
६. वैज्ञानिक उपकरण: ISRO, JAXA, ESA, NASA द्वारा संयुक्त रूप से विकसित

**मिशन का उद्देश्य :**

१. चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जल और वाष्पशील तत्वों का पता लगाना
२. इन-सीटू विश्लेषण (In-situ Analysis)
३. भविष्य के मानव मिशनों की तैयारी
४. अंतरराष्ट्रीय सहयोग द्वारा तकनीकी क्षमता का विस्तार

**अब तक की तकनीकी उपलब्धियां**

बैठक के दौरान ISRO के वैज्ञानिक सचिव एम गणेश पिल्लई ने दोनों टीमों को बधाई दी और सहयोग को "वैज्ञानिक सफलता की कुंजी" बताया। चंद्रयान-1, चंद्रयान-2 और हाल ही में सफल चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को आगे बढ़ाते हुए यह मिशन चंद्रयान-4 (Sample Return Mission) के बाद अगला बड़ा पड़ाव होगा।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.